# I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT

www.ibpgcollegepanipat.ac.in

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

September-2024

Issue No: 18

04 **आज समाज**
पानीपत, शनिवार, 31 अगस्त 2024

## "ड्रग एडिक्शन और ड्रग एब्यूजमेंट" विषय पर पावरप्वाइंट प्रतियोगिता का आयोजन

आज समाज नेटवर्क



पानीपत। आई. बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में "यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब" के द्वारा का पावरप्वाइंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय ड्रग एडिक्शन और ड्रग एब्यूजमेंट रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज व देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। अतः यह अति आवश्यक है कि नशा मुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़े। इस अवसर पर यूथ अगेंस्ट ड्रग क्लब के कन्वीनर प्रोफेसर अजय पाल सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मुक्ति एक महत्वपूर्ण मानविक उद्देश्य है, जिसका मकसद व्यक्ति और समाज को नशे की बुराई से मुक्त करना है। नशा मुक्ति से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है जो समृद्धि ,सुरक्षा और सामाजिक ताकत को बढ़ावा देगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पारुल सैनी बी. कॉम तृतीय, द्वितीय स्थान पर कसक बीबीए सेकंड, तृतीय स्थान पर मोहिनी बीबीए सेकंड ईयर दीपिका फाइनल ईयर व सांत्वना पुरस्कार गुनगुन बीकॉम फाइनल ईयर को दिया गया। निर्णायक में मंडल की भूमिका डॉ. शर्मिला यादव, डॉ. नरवीर व रितिका जताना द्वारा दी गई। सोनिया विरमानी द्वारा मुख्य एंकर की भूमिका अदा की गई। वाणिज्य विभाग अध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा, डॉ. निधान सिंह, डॉ. विक्रम कुमार, पवन, व निशा उपस्थित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब कमेटी के सदस्य डॉ. शर्मिला यादव, अश्वनी गुप्ता, रितिका जताना, सोनिया विरमानी का विशेष सहयोग योगदान रहा ।

## विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल ज्ञान मिलता है



**समाचार निर्देश ब्यूरो पानीपत , ( कमाल हुसैन )** आई० बी० स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पानीपत के कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रो अश्वनी गुप्ता , प्रो मिलन शर्मा ,प्रो मोहित एवं प्रो पूजा की अगुवाई में बी.सी.ए प्रथम वर्ष के ४० विद्यार्थियों के लिए हारट्रॉन मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर , गुडगाँव के औद्योगिक दौरा का आयोजन किया गया।प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल ज्ञान मिलता है क्योंकि कंप्यूटर साइंस विषय को सिर्फ किताबों में ही नहीं सीखा जा सकता है बल्कि इसके लिए व्यवहारिक ज्ञान की भी आवश्यकता होती है।हारट्रॉन पहुँचने पर नवीन चौधरी , राजेश दलाल ने दल का स्वागत किया एवं उन्होंने बताया की भारत को डिजिटल रूप से सक्षम राष्ट्र, 'डिजिटल रूप से सशक्त समाज' और 'ज्ञान' में बदलने की दृष्टि के साथ 'स्किल इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रमों जैसे भारत सरकार के कई प्रमुख कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए हारट्रॉन को प्रमुख ड्राइविंग विभाग में से एक होने का सम्मान है। इसके पश्चात राजेश ने विद्यार्थियों को स्टार्टअप प्रोसेस और एप्प डेवलपमेंट प्रोसेस को विस्तार से प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया गया `उसके बाद विद्यार्थियों ने हारट्रॉन में नवनिर्मित इनोवेशन लैब में हो रहे अनुसंधान और विकास कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया।इस औद्योगिक दौरे का नेतृत्व प्रो. अश्वनी गुप्ता सिंह ने किया।उन्होंने कहा कि आज का यह भ्रमण बहुत सफल रहा और हमारे विद्यार्थियों ने इन्टरनेट ऑफ थिंग्स एवं आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के बारे में अपना ज्ञान अर्जित किया तथा इस तरह की विजिट से विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल एक्सपोजर मिलता है और भविष्य में भी ऐसे विजिट आयोजित किये जाते रहेंगे `

## छात्राओं को पढ़ाया बेहतर स्वास्थ्य का पाठ

माई सिटी रिपोर्टर

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ व कम्युनिटी साइंस (गृह विज्ञान) के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सखी कार्यक्रम (व्याख्यान) का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता डॉ. मानवी जिंदल हरजाई ने छात्राओं को पीसीओडी, महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर अपने विचार व्यक्त कर छात्राओं को जागरूक किया। इसमें लगभग 250 छात्राओं ने भाग लिया। डॉ. मानवी जिंदल हरजाई ने पीसीओडी की समस्या के बारे में बताते हुए कहा कि इस समस्या के गंभीर कारण हैं। इससे कई प्रकार की हानि होती हैं। महिलाओं को अपनी दिनचर्या में पोषण युक्त आहार लेना चाहिए।

प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य का पूर्ण रूप से ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है और जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए स्वस्थ जीवन बहुत आवश्यक है। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. सीमा ने विद्यार्थियों को डॉ. मानवी जिंदल हरजाई के द्वारा बताए गए परामर्श पर ध्यान देने की सलाह दी। मंच का संचालन डॉ. मोनिका ने किया। इस अवसर उप-प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा सोनिया, डॉ. सुनीता ढांडा, कनक शर्मा, डॉ. नीतू भाटिया, अंशिका, सोनिया वर्मा, आकांक्षा शर्मा, डॉ. पूजा मलिक व परमजीत कुंडू मौजूद रहे।

04 **आज समाज**
पानीपत, मंगलवार, 03 सितम्बर 2024

## आईबी कॉलेज में संगीत कार्यशाला का आयोजन

आज समाज नेटवर्क



पानीपत। आई. बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संगीत विभाग व संगीत कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में " केरोके पर कैसे गाएं" और " गिटार की मूल तकनीक " कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को संगीत एवं कलाओं के महत्व के विषय में बताते हुए उन्हें कला साधना के लिए प्रेरित किया। इस अवर पर विषय विशेषज्ञ के तौर पर करण चानना और प्रणव आमंत्रित अतिथि थे। कॉलेज की उप प्राचार्य डॉ शशि प्रभा व संगीत गायन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मोनिका वर्मा ने करण चानना व प्रणव को पौधा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।विषय विशेषज्ञों के तौर पर श्रीमान कर्ण और श्रीमान प्रणव ने गायन व वादन की कुछ मूल तकनीक से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

उन्होंने बताया की किस तरह एआई के माध्यम से हम केरोके पर किसी भी तरह के संगीत को गा सकते हैं । इस अवसर पर कॉलेज की उप-प्राचार्य डॉ शशि प्रभा जी ने संगीत के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि संगीत हमें भावनात्मक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करता है। इस अवसर पर डॉ निधान सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने संगीत को साधना का एक रूप बताया तथा कहा कि संगीत बनाते या सुनते हुए व्यक्ति अपनी सारी चिंताएं , दुख और दर्द भूल जाता है। संगीत विभाग से डॉ ऋतु, ललित, विशाल व अमन इस कार्यशाला में मौजूद रहे।

## आईबी कालेज में ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित

**पानीपत/कौशिक :** आईबी पीजी कालेज में करियर एवं प्लेसमैंट इकाई सैल के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए स्वारंभ सर्टिफिकेट कोर्स का ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को इस सर्टिफिक्रेट कोर्स के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने किया। उन्होंने मेधा लर्निंग फाउंडेशन से आये प्रतिनिधियों का स्वागत किया और बताया हमारे महाविद्यालय में केवल किताबी ज्ञान को ही महत्व नहीं दिया जाता हैए बल्कि सर्वांगीण विकास पर ज़ोर दिया जाता है। विद्यार्थियों में रोजगार कौशल का विकास करने के लिए मेधा लर्निंग फाउंडेशन के साथ एम ओ यू साइन किया गया है। वहीं मेधा लर्निंग फाउंडेशन से प्रखर ने विद्यार्थियों को स्वारंभ सर्टिफिक्रेट कोर्स का मकसद बताते हुए कहा कि आज के इस प्रतिस्पर्धा के दौर में सही समय पर अपने हुनर की पहचान करनी चाहिए और अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए।

**"It's fine to celebrate success, but it is more important to heed the lessons of failure." - Bill Gates**

Editor-in-Chief: Dr. Ajay Kumar Garg

Edited, Drafted & Designed by: Dr. Sunita Dhanda, Dr. Nidhi, Sh. Ashwani Gupta

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)


September-2024

Issue No: 18


## आईबी कालेज में वन डे कैंप आयोजित

- कैंप से एक स्वयंसेवक एक साथ कार्य करना सिखते हैं : डा.अजय गर्ग

सवेरा न्यूज/विनोद पांचाल

पानीपत, 8 सितम्बर : आईबी पीजी महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट द्वारा वन डे कैंप का आयोजन किया गया। इसका विषय पर्यावरण संरक्षण था। वन डे कैंप का प्रारंभ योगा से किया गया। जिसमें प्रो.खुशबू, डॉ.नीतू एवं स्वयंसेवक दीपिका ने विद्यार्थियों को योगा कराया। मंच संचालन एनएसएस स्वयंसेविका दिशा ने किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने स्वयंसेवकों को वनडे कैंप में यूनिटी का महत्व बताया कि किस तरह से आप सब कैंप में एक साथ रहकर मिलकर समाज सेवा के कार्य कर सकते हैं। देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय के डॉ. दलजीत कुमार ने स्वयंसेवकों को कहा कि जीवन में भाग्य से ज्यादा हमारे कर्मों का महत्व है। उन्होंने सभी को यह प्रतिज्ञा दिलवाई कि हमें अपने जन्मदिन के अवसर पर और अपने माता.पिता के अपने भाई बहन के जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर डॉ.जोगेश कुमार ने भी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। वहीं पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा स्वयंसेवकों ने विभिन्न संस्कृतियों पर नृत्य और गायन प्रस्तुतियां दीं। स्वयंसेवकों ने कई खेल भी खेले।



आईबी कालेज में वन डे कैंप में पहुंचे अतिथियों को पौधें भेंट करते ग्रीनमैन प्रो.दलजीत कुमार । (मोहन लाल)

## आईबी कॉलेज में मतदाता जागरूकता सेमिनार आयोजित

सवेरा न्यूज/विनोद पांचाल, पानीपत, 9 सितम्बर : आईबी पीजी कॉलेज में आज मतदाता जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त डा.विरेंद्र कुमार दहिया ने फर्स्ट टाइम वोटर्स को जागरुक करने के लिए जिले के कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम के आदेश पर यह कायोजन हुआ।

जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं एडीसी डा.पंकज ने बताया कि आईबी कॉलेज में सैकड़ों युवाओं को आज स्वीप कार्यक्रम से जोड़ते हुए उन्हें 5 अक्तूबर को मतदान के लिए प्रेरित किया। सभी विद्यार्थियों ने मतदान करने तथा अन्य संबंधी व अपने साथियों को भी मतदान कराने के लिए हाथ खड़े कर भरोसा जताया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थी मतदाताओं से लोकतंत्र के त्यौहार में अपना वोट डालकर पांच अक्टूबर को मतदान दिवस उत्सव में भाग लेने का आहवान करते हुए जिले में मत प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया।

वहीं जिला निर्वाचन आयोग से स्वीप कैंपेनर डा.हितेश चंद शर्मा ने लोकतंत्र की पहचान का नारा लगवाकर पहले मतदान, फिर जलपान के स्लोगन के साथ युवाओं से मतदान के दिन अपना वोट डालने के पश्चात बुजुर्ग, दिव्यांग,बीमार मतदाता को वोट डालने के लिए बूथ तक ले जाने में मदद की अपील की। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा.अजय गर्ग, डा.सुनित, प्रो.अजय पाल, डा.निधान सिंह, डा.विक्रम कुमार, डा.शर्मिला व डा.निर्मला आदि मौजूद रहे।


आईबी कालेज में विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए डा.हितेश चंद शर्मा। (मोहन लाल)

epaper.dainiksaveratimes.in

## आईबी कालेज में कैरियर गाइडेंस कार्यशाला आयोजित

सवेरा न्यूज/मोहन लाल

पानीपत, 9 सितम्बर : आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्लेसमेंट एवं कैरियर गाइडेंस सेल व मेधा लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थियों के रोजगार कौशल एवं उनके कैरियर के प्रति जागरूक करने हेतु बीएससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 66 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने एकेडमिक स्किल्स के साथ रोजगार कौशल को विकसित करने की आवश्यकता है जो उन्हें लंबे समय तक अपने कैरियर में सरवाइव करने में मदद करेंगी। किसी भी नौकरी के लिए पारस्परिक संचार, कम्युनिकेशन स्किल्स, प्रेजेंटेशन स्किल्स जैसी स्किल्स महत्वपूर्ण हैं। प्लेसमेंट एवं कैरियर गाइडेंस सेल की संयोजिका डॉ. अर्पणा गर्ग ने कहा कि छात्रों को एक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण विकसित करना चाहि और उन्हें अपने काम और लक्ष्यों को लेकर भावुक होना चाहिए। कार्यशाला के सफल आयोजन में प्रियंका,कौशल समन्वयक शालू, मेधा से शाहिद, छवि व अमन का योगदान रहा।


कार्यशाला में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वक्ता। (मोहन लाल)

04 आज समाज

पानीपत, मंगलवार,10 सितम्बर, 2024

## आई.बी. कॉलेज में जीव विज्ञान एसोसिएशन द्वारा योगा सत्र का आयोजन

- योग एक आशा की किरण की तरह पूरे विश्व को दिखाई दे रहा है

आज समाज नेटवर्क

पानीपत। आई.बी. महाविद्यालय पानीपत में जीव विज्ञान एसोसिएशन द्वारा विभाग के छात्र छात्राओं के लिए विशेष योगा सत्र का आयोजन किया गया। इस आयोजन के संदर्भ में प्राचार्य डॉ.अजय गर्ग ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योग सभी के लिए अनिवार्य है।

आज के समय में लोग जीवन और व्यवसाय के कार्यों में इतने व्यस्त हैं कि वो अपने स्वास्थ्य के लिए समय निकालना जैसे भूल ही गए हैं। योग एक आशा की किरण की तरह पूरे विश्व को दिखाई दे रहा है। डॉ. निधान सिंह (विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान) ने कहा कि किसी भी मनुष्य को अपने जीवन में सफल होने के लिए सर्वप्रथम स्वस्थ शरीर चाहिए और रोग मुक्त मनुष्य ही अपना और समाज का कोई दायित्व निभा सकता है।

प्रो. पवन कुमार विभाग अध्यक्ष प्राणी शास्त्र विभाग ने कहा कि योग से जीवन व्यवस्थित व अनुशासित रहता है जो सभी के लिए अनिवार्य है। प्रो. नीलम थरेजा जो कि स्वयं एक प्रशिक्षित योग निर्देशिका हैं, ने विद्यार्थियों को विभिन्न योग जैसे सूर्य नमस्कार,भद्रासन, उष्ट्रासन, मंडूकासन, ताड़ासन आदि के बारे में न सिर्फ बताया अपितु इन सभी आसनों को सब ने मिलकर सीखा।

विद्यार्थियों ने विशेष योग क्लास का भरपूर लाभ उठाया। इस अवसर पर प्रो. अंजूश्री, डॉ. हरप्रीत कौर, प्रो. खुशी भी मौजूद रहे



## कॅरिअर के प्रति बढ़ाया विद्यार्थियों का आत्मविश्वास

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस सेल व मेधा लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में चल रही दो दिवसीय कार्यशाला का सोमवार को समापन हो गया। बीएससी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को रोजगार कौशल एवं उनके करियर के प्रति जागरूक किया। कार्यशाला में 66 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि किसी भी नौकरी के लिए पारस्परिक संचार, कम्युनिकेशन स्किल्स, प्रेजेंटेशन स्किल्स जैसे कौशल महत्वपूर्ण हैं। इसलिए विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक कौशल के साथ रोजगार कौशल को विकसित करने की आवश्यकता है। संवाद

दैनिक भास्कर पानीपत भास्कर 13-09-2024

## प्रतियोगिता बच्चों को सीखने में मदद करती है : प्राचार्य

पानीपत|आईबी पीजी कॉलेज में एमए इंग्लिश के विद्यार्थियों के लिए रेखा शर्मा द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें एमए इंग्लिश फाइनल और एमए इंग्लिश प्रीवियस और बीए इंग्लिश ऑनर्स के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कुल विद्यार्थियों में से पांच विद्यार्थियों ने पीपीटी के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। जिसमें प्रथम स्थान पर संजना एमए प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर कोमल एमए फाइनल और तृतीय स्थान पर रोशनी एमए फाइनल और सांत्वना पुरस्कार रिया एमए फाइनल एवं सचिन एमए प्रीवियस रहे। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि तकनीकी कौशल के माध्यम से प्रतियोगिता बच्चों को बेहतर तरीके से सीखने में मदद करती है।

# I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT

www.ibpgcollegepanipat.ac.in

September-2024

## COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

Issue No: 18


04 आज समाज
पानीपत, शुक्रवार, 13 सितंबर 2024

### आईबी कॉलेज में सेमिनार का आयोजन



**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में एमए इंग्लिश के विद्यार्थियों के लिए रेखा शर्मा द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें एम ए इंग्लिश फाइनल और एम.ए. इंग्लिश प्रीवियस और बी.ए. इंग्लिश ऑनर्स (द्वितीय वर्ष और तृतीय वर्ष) के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कुल विद्यार्थियों में से पांच विद्यार्थियों ने पीपीटी के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया जिसमें प्रथम स्थान पर संजना एम. ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर कोमल एम. ए. फाइनल और तृतीय स्थान पर रोशनी एम. ए. फाइनल और सांत्वना पुरस्कार रिया एम. ए. फाइनल एवं सचिन एम. ए. प्रीवियस रहे। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कार्य की सराहना करते हुए कहा कि तकनीकी कौशल के माध्यम से प्रतियोगिता बच्चों को बेहतर तरीके से सीखने में मदद करती है। अंग्रेजी विभागाअध्यक्षा डॉ. नीलम ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की एक्टिविटीज से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ.निधि मल्होत्रा ने निभाई। इस अवसर पर मंच संचालन एक्टिविटी इंचार्ज रेखा शर्मा ने किया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग से डॉ. नीलम , डॉ. निधि मल्होत्रा, डॉ. विनय वाधवा, प्रिया बरेजा एवं प्रिया सरदाना उपस्थित रहे।

### आईबी कालेज की दो छात्राएं केयू की मेरिट में



पानीपत। आईबी कालेज में मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते हुए टीचर्स।

**पानीपत।** आईबी कालेज के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में राजनीति विज्ञान एमए प्रथम वर्ष की छात्रा मोनिका ने सातवां एवं निशा ने आठवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रबंध समिति के सदस्यों ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया जाएगा। वहीं, प्राचार्य अजय गर्ग व राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्षा डा. किरण मदान ने कहा कि मेहनत, संघर्ष और निरंतर प्रयास के बल पर ही विद्यार्थी आगे बढते है। वहीं कालेज में मोनिका व निशा को मिठाई खिला कर बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर खुशबू, राहुल, विकास, मोहित कुमार, पूजा उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने सीखी ताल वाद्यों की तकनीक

संवाद न्यूज एजेंसी

**आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यशाला का हुआ आयोजन**

**डॉ. मोनिका ने कीर्ति सेठी व प्रणव को पौधा देकर किया सम्मानित**

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संगीत विभाग व संगीत कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में ताल वाद्यों की तकनीक और मूल बातें विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विषय विशेषज्ञ के तौर पर प्रणव और कीर्ति सेठी आमंत्रित अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके किया गया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग व संगीत गायन विभागाध्यक्षा डॉ. मोनिका वर्मा ने कीर्ति सेठी व प्रणव को पौधा देकर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को संगीत एवं कलाओं को लेकर प्रेरित किया।

विषय विशेषज्ञों ने वादन की कुछ मूल तकनीकों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने ढोलक, तबला, कॉन्गो, काहोन की वादन विधि और हाथों का रखाव बताया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्य युधिष्ठिर मिगलानी, डॉ. निधान सिंह, डॉ. ऋतु , ललित, विशाल व अमन मौजूद रहे।

### समाज को नशा मुक्त कराने में करेंगे सहयोग

■ ड्रग एब्यूज अवेयरनेस प्रोग्राम पर सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। आईबी कॉलेज प्रशासन अतिथियों को स्मृति चिंह भेंट करते हुए। फोटो :हरिभूमि

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ अगेंस्ट ड्रग्स क्लब के द्वारा एक ड्रग एब्यूज अवेयरनेस प्रोग्राम पर सेमिनार व नशा मुक्त शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का शुभ आरंभ डॉ. मनीषा, अतुल एडोलिसेंट काउंसलर ऑफ सिविल हॉस्पिटल पानीपत, प्रिंसिपल आईबी पीजी कॉलेज डॉ अजय गर्ग, कन्वीनर ऑफ़ यूथ अगेंस्ट ड्रग क्लब प्रो. अजय पाल सिंह, डॉ. सुनित शर्मा हेड ऑफ डिपार्टमेंट ऑफ़ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, डॉ. निधान सिंह व डॉ. विक्रम के द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ इस सेमिनार का शुभारंभ किया गया। वहीं, प्राचार्य डॉ अजय गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं ,तथा युवाओं की शक्ति का समाज व देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि देश की चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज एकजुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि ना केवल समुदाय, परिवार, मित्र बल्कि स्वयं को भी नशा मुक्त करेंगे।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...
17/42

### हिंदी दिवस पर आईबी निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित

सवेरा न्यूज/मोहन लाल

पानीपत, 14 सितम्बर : आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग के तत्वावधान में हिंदी दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध के विषय हिन्दी में रोजगार के अवसर, विश्व पटल पर हिन्दी तथा हन्दी भाषा कल आज और कल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने किया। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए हिंदी विभाग के सभी सदस्यों व प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि हिंदी दिवस हर भारतीय के लिए एक खास दिन है। यह हमें अपनी जड़ों के करीब होने का एहसास कराता है साथ ही हिंदी के प्रति अपने दायित्व पर भी विचार करना होगा। उपप्राचार्या व हिन्दी विभागाध्यक्षा डॉ.शशि प्रभा ने कहा कि गुण और परिमाण दोनों ही दृष्टियों से हिंदी अपने वैविध्य एवं बहुस्तरीय में सम्पूर्ण विश्व में तीसरे स्थान पर है लेकिन आज जरूरत इस बात की है कि हम विधि, विज्ञान, वाणिज्य तथा नवीनतम प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में पाठ.सामग्री उपलब्ध करने में तेजी लाएं। वहीं निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पूजा ठाकुर, द्वितीय नैन्सी, तृतीय नेहा शर्मा, सांत्वना पुरस्कार में प्रथम मानसी, द्वितीय अंजू रहे। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ.सुनीता ढांडा,डॉ.जोगेश,डॉ.निर्मला व डॉ.पूजा ने महती भूमिका निभाई।



विजेताओं के साथ प्राचार्य डा.अजय गर्ग व अन्य। (मोहन लाल)

"Success is not final; failure is not fatal: It is the courage to continue that counts." —Winston Churchill

www.aajsamaaj.com

### खास-खबरें

## आई बी कॉलेज में लगभग 1800 विद्यार्थियों को कृमि मुक्ति एल्बेनडाजोल की गोली खिलाई



पानीपत। आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एन. एस. एस. (राष्ट्रीय सेवा योजना ) इकाई और युवा रेड क्रॉस के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, पानीपत और पानीपत प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के लगभग 1800 विद्यार्थियों को कृमि मुक्ति एल्बेनडाजोल की गोली खिलाई गयी। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग के कर कमलो से हुआ` प्राचार्य ने विद्यार्थियों को एल्बेनडाजोल की गोली बाँटते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को स्वच्छ और स्वस्थ जीवन व्यतीत करना चाहिए। उसी के तहत यह गोली खाकर पेट के कृमि से बचाव किया जा सकता है। सरकार ने पोलियो अभियान के समान राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान चलाकर सराहनीय कार्य किया। इस अवसर पर खुशबू, एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि पेट में कृमि होने का मुख्य कारण गंदे हाथो से भोजन करना, खुले में शोच करना, नंगे पाँव रहना, नाखून बड़े रखना इत्यादि हैं। इनका उपचार समय पर न करने से शरीर में खून की कमी हो जाती है, जिससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास रुक जाता है। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी सयोंजक डा जोगेश? ने बताया कि जो विद्यार्थी आज यह दवा खाने से वंचित रह जायेंगे, उन्हें यह गोली 24 सितम्बर को खिलाई जाएगी। इस अवसर पर कक्षाओं में दवाइयां वितरित की गई और कॉलेज परिसर में स्टॉल लगाए गए जहां एनएसएस कार्यकताओं ने छात्रों को यह दवा लेने के लिए प्रेरित किया।

## I.B. COLLEGE, PANIPAT

AFFILIATED TO KURUKSHETRA UNIVERSITY, KURUKSHETRA (HARYANA)

Website : ibpgcollegepanipat.ac.in, Email: principalibcollege@gmail.com

### Kurukshetra University Merit Holders
### M.A-II ENGLISH- IV-Semester May-2024

| S.No | Name of the Student | University Merit Position |
|---|---|---|
| 1 | PRIYA SADANA | FIRST |
| 2 | SHAHID | SIXTH |

## आईबी कालेज के दल ने किया एक्सिगो रीसाइकलिंग प्लांट का निरीक्षण

सवेरा न्यूज/मोहन लाल

पानीपत, 20 सितम्बर : आईबी महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग एवं रसायन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज एक्सिगो रीसाइक्लिंग प्लांट, नूरवाला पानीपत के लिए एक दिवसीय इंडस्ट्रियल ट्रिप का आयोजन किया गया। इस ट्रिप में प्रो.अश्वनी गुप्ता, प्रो.प्रीती, प्रो.पूजा शर्मा, प्रो.वसुंधरा की अगुवाई में बीसीए प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के 100 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग एवं डॉ.विक्रम कुमार विभागाध्यक्ष रसायन विभाग ने दल को हरी झंडी



एक्सिगो रीसाइक्लिंग प्लांट का निरीक्षण करते आईबी कालेज के विद्यार्थी।(मोहन लाल)

दिखाकर रवाना किया। प्राचार्य डॉ.गर्ग बताया की इलेक्ट्रॉनिक कचरे इ.वेस्ट से मतलब किसी विद्युत या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण से निकले कचरे से कुछ चीजें री.प्रोसेस की जा सकती हैं किन्तु अन्य पूर्ण रूप से कचरा होती हैं। दोनों ही तरह के इलेक्ट्रॉनिक कचरे जैविक रूप से नष्ट होने योग्य नहीं होते हैं। वहीं एक्सिगो रीसाइक्लिंग प्लांट पहुँचने पर मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चेयरमैन अशोक शर्मा, सचिन कुमार जनरल मेनेजर ने दल का स्वागत किया और फिर 2 एकड़ में फैले अपने प्लांट का भ्रमण करवाया।

### खबर संक्षेप

## साइबर सुरक्षा पर जागरूक किया

**पानीपत**। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इंटर्नशिप सेल और डीजी सुरक्षा परहारी फाउंडेशन गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में साइबर सुरक्षा जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ब्लेंडेड मोड में किया गया। शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग द्वारा और इंटर्नशिप कोऑर्डिनेटर माधवी द्वारा मुख्य अतिथि डॉ.बी.बी.शर्मा डीन पाइट और रिसोर्स पर्सन्स शिवम मित्तल प्रेसिडेंट डीजी सुरक्षा परहारी फाउंडेशन, आकाश चेयरमैन डीजीसुरक्षा और नरेश गौर साइबर सिक्यूरिटी एनालिस्ट को तुलसी का पौधा भेंट करके किया गया।

“When you change your thoughts, remember to also change your world.” —Norman Vincent Peale

# I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT

www.ibpgcollegepanipat.ac.in

September-2024

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

Issue No: 18

04 आज समाज
पानीपत, रविवार, 22 सितंबर 2024

## आई.बी. कॉलेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

आज समाज नेटवर्क

पानीपत। पानीपत के सुप्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान आई.बी. महाविद्यालय में गणित विभाग के द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लियो इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने कहा कि जब विद्यार्थी गणितीय समस्याओं को हल करते हैं, तो वे आलोचनात्मक सोच, तार्किक तर्क और समस्या समाधान में संलग्न होते हैं गणित विश्लेषणात्मक सोच का समर्थन करता है और कई अलग अलग आजीविका के रास्ते खोलता है इस अवसर पर विभागाध्यक्षा डॉ अर्पणा गर्ग ने कहा कि गणित विभाग समय समय पर इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहता है। जिससे विद्यार्थियों की बेहतर राजनीतिक सोच का विकास होता है। इससे शिक्षकों को भी यह समझने में मदद मिलती है कि विद्यार्थियों को कहाँ मदद की जरूरत है। इस प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त कीयो द्वितीय स्थान पर अंजली व तृतीय स्थान पर नैंसी, कक्षा बीए प्रथम वर्ष की छात्राएं रही। विजयी विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## पोस्टर मेकिंग में इश्मीत कार्टून स्पर्धा में रुद्रा अव्वल



आईबी कॉलेज में प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग व अन्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य व प्रबंधन विभाग तथा वाणिज्य संगठन द्वारा भ्रष्टाचार व डिजिटल मार्केटिंग विषय पर पोस्टर मेकिंग व कार्टून मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के विभिन्न 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने किया। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता में बीबीए द्वितीय वर्ष से इश्मीत कर ने प्रथम, प्रथम वर्ष से कोमल ने द्वितीय, बीकॉम प्रथम वर्ष से शुभम ने तृतीय व बीकॉम द्वितीय वर्ष से जय गहलोत को सांत्वना पुरस्कार मिला।

पोस्टर और कार्टून मेकिंग प्रतियोगिता में प्रोफेसर अजयपॉल, प्रोफेसर माधवी, डॉ. ज्योति, राजेश बाला, रूहानी शर्मा ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्टून प्रतियोगिता में बीबीए तृतीय वर्ष से रुद्रा ने प्रथम, बीकॉम द्वितीय वर्ष से नेहा ने द्वितीय, बीकॉम तृतीय वर्ष से कृतिका ने तृतीय तथा बीकॉम द्वितीय वर्ष से खुशी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

## विद्यार्थियों ने पोस्टर और कार्टून बनाए

पानीपत। आईबी कॉलेज में वाणिज्य व प्रबंधन विभाग व वाणिज्य संगठन के द्वारा भ्रष्टाचार व डिजिटल मार्केटिंग विषय पर पोस्टर मेकिंग व कार्टून मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग, वाणिज्य व प्रबंधन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा, और श्री अजय पाल सिंह, डॉ. विक्रम, माधवी, डॉ. ज्योति, राजेश, रूहानी द्वारा किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इश्मीत, द्वितीय स्थान पर कोमल, तृतीय शुभम व जय गहलोत द्वितीय वर्ष को सांत्वना पुरस्कार मिला।

## आईबी कालेज की प्रिया सदाना ने पाया पहला स्थान



**पानीपत/कौशिक :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में एमए इंग्लिश चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें आईबीपीजी कालेज की छात्रा प्रिया सदाना ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया । प्रिया ने तृतीय सेमेस्टर परीक्षा में भी विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया था, साथ ही विद्यार्थी शाहिद ने भी विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में छठा स्थान प्राप्त किया किया। प्रबंध समिति के सदस्यों ने छात्र.छात्राओं को सफलता के लिए बधाई दी और भविष्य में और मेहनत करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा की अपने सपनों को सच करने के लिए मेहनत करनी ही पड़ती है । सफलता का कोई मंत्र नहीं होता केवल संघर्ष ही सफलता प्राप्त करने में सहायक होता है। विभाग अध्यक्ष डॉ. नीलम ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा की आपकी लगन और मेहनत आपके जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करती है। इस अवसर पर निधि मल्होत्रा, डा. स्वाति, डा. नेहा, डा. मधु शर्मा, डा. विनय वधवा, सोनल, रेखा शर्मा,प्रिया ब्रेजा, प्रिया सदाना व राहुल उपस्थित रहे।

“The road to success and the road to failure are almost exactly the same.” —Colin R. Davis

# I.B. POST GRADUATE COLLEGE, PANIPAT

www.ibpgcollegepanipat.ac.in

September-2024

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

Issue No: 18


## इंडोर गेम्स में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

city sports

संवाद न्यूज एजेंसी



आईबी कॉलेज में इंडोर गेम्स प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग व अन्य। संवाद

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा बीसीए प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए लूडो, कैरम बोर्ड, म्यूजिकल चेयर, शतरंज, सांप सीढ़ी इत्यादि इंडोर गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में बीसीए प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के लगभग 175 विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया।

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रम कुमार, संयोजक प्रो. अश्वनी गुप्ता, प्रो. विनय भारती, प्रो. दीप्ति, डॉ. नीतू , प्रो. मिलन शर्मा, प्रो. प्रीती, प्रो. मोहित कुमार, प्रो. पूजा, प्रो. अंजु, प्रो. नीरू, प्रो. पूजा शर्मा एवं स्टाफ के बाकी सदस्यों के द्वारा किया गया।

प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में हमारी इंडोर गेम्स लुप्त होती जा रही है। भारत की समृद्ध संस्कृति और इतिहास में खेल एक अहम हिस्सा रहा है। आज सोशल मीडिया के जमाने के बच्चे इन खेलों से दूर चले गए हैं और वीडियो गेम्स और मोबाइल पर ही गेम खेलते रहते हैं।

संयोजक प्रो. अश्वनी गुप्ता ने कहा कि इंडोर गेम्स स्वस्थ और फिट रहने का सबसे असरदार तरीका है। लेकिन आज की तेज रफ्तार जिंदगी में इंडोर गेम्स में लोगों की रुचि घटती जा रही है। नतीजतन लोग अपने आपको फिट रखने में नाकाम रहते हैं। कंप्यूटर साइंस विभाग ने यह पहल की है कि हम अपने विद्यार्थियों को धीरे-धीरे लुप्त हो रहे खेलों के बारे में बताएं और इसमें उनकी रूचि को जगाएं। प्रो. इरा गर्ग एवं प्रो. अंजलि गुप्ता ने निर्णायक मंडल कि भूमिका निभाई। विजेताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. निधान सिंह, प्रो. अजय पाल सिंह, डॉ. मधु शर्मा, प्रो. सुखजिंदर सिंह, प्रो. मनीष, प्रो. रवि, प्रो. राहुल मौजूद रहे।

### इंडोर गेम्स प्रतियोगिता के विजेता इस प्रकार रहे

**कैरम बोर्ड :** अनुराग प्रथम, अजय कुमार द्वितीय व प्रियांशु तृतीय स्थान पर रहे।

**शतरंज :** आर्यन प्रथम, शिवा द्वितीय व प्रभात तृतीय स्थान पर रहे।

**लूडो :** ध्रुव प्रथम, वर्षा द्वितीय व तमन्ना तृतीय स्थान पर रहे।

**सांप सीढ़ी :** हर्षिता प्रथम, जाह्नवी द्वितीय व करण तृतीय स्थान पर रहे।

**रस्सा कूद :** प्रियंका प्रथम, सूर्यांशु द्वितीय एवं हिमांशु तृतीय स्थान पर रहे।

## विद्यार्थियों को ध्यान व योग से अवगत कराया

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में योगा क्लब द्वारा मेडिटेशनः तनाव से मुक्ति का स्रोत नामक विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें यूजी व पीजी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें उन्हें ध्यान के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया गया और कहा कि नियमित ध्यान से आपका मन और शरीर दोनों स्वस्थ रहते हैं।मेडिटेशन सत्र का आयोजन रेखा शर्मा द्वारा किया गया। ध्यान आपके मस्तिष्क और शरीर को प्रभावित करता है। नियमित ध्यान से आपका मन और शरीर दोनों स्वस्थ रहते हैं।

## भाषण प्रतियागिता में सिमरन रही प्रथम

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा करवाई गई भाषण प्रतियोगिता में थम स्थान पर बी.कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा सिमरन , द्वितीय स्थान पर बी.कॉम तृतीय वर्ष की छात्रा दीपिका और बी.कॉम द्वितीय वर्ष का छात्र जय गहलोत, तृतीय स्थान पर एम.कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा निकिता और रितिका, सांत्वना पुरस्कार बीबीए तृतीय वर्ष का छात्र गौरांग और बी.कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा कल्पना रही। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

04 **आज समाज** पानीपत, मंगलवार, 24 सितंबर, 2024

## भाषण प्रतियोगिता में आईबी कॉलेज के छात्रों ने लिया हिस्सा

आज समाज नेटवर्क



पानीपत। जी.टी रोड स्थित आई.बी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें वाणिज्य विभाग के 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन इन कॉमर्स रहे। डिजिटल परिवर्तन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा कंपनी अपने व्यवसाय में मूलभूत परिवर्तन लाने के लिए प्रौद्योगिकियों को शामिल करती है। इस प्रतियोगिता के अवसर पर प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने कहा कि हमारा महाविद्यालय हमेशा से विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास करने में विश्वास रखता है, इसलिए हम समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाते रहते हैं, ताकि विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच मिल सके जिसमें वह रुचि अनुसार अपनी प्रतिभा को बाहर निकाल सके। इस अवसर पर प्रतियोगिता के कोऑर्डिनेटर प्रो.अजय पाल सिंह ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में साक्षी, करुणा, आकांक्षा, सोनिया, जागृति एवं हिमानी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच का संचालन सोनिया एवं हिमानी द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका अजय पाल सिंह, माधवी, डॉ. ज्योति ने निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बी.कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा सिमरन, द्वितीय स्थान पर बी.कॉम तृतीय वर्ष की छात्रा दीपिका और बी.कॉम द्वितीय वर्ष का छात्र जय गहलोत, तृतीय स्थान पर एम.कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा निकिता और रितिका, सांत्वना पुरस्कार बीबीए तृतीय वर्ष का छात्र गौरांग और बी.कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा कल्पना रही। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. नीलम, राजेश बाला, रूहानी शर्मा, रितिका, निशा, निशा, आंचल, प्रिया आदि मौजूद रहे।

“I never dreamed about success. I worked for it.” —Estée Lauder

September-2024

# COLLEGE NEWSLETTER (आईना)

Issue No: 18

दैनिक भास्कर

पानीपत भास्कर 25-09-2024

## आईबी कॉलेज में छात्रों ने सीखा स्ट्रेटजी फॉर बजटिंग



**पानीपत** | आईबी कॉलेज में मंगलवार को प्लेसमेंट व कैरियर गाइडेंस सेल और मेधा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज के छात्राओं के लिए \'स्ट्रेटजी फॉर बजटिंग, इन्वेस्टमेंट एंड सेविंग्स अरली इन लाइफ' विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। जिसमें 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रिंसिपल डॉ. अजय गर्ग ने बताया कि कॉलेज में किताबी ज्ञान को ही महत्व नहीं दिया जाता बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर इस तरह के प्रोग्राम आयोजित कराए जाते हैं। सीए गौरव सतीजा ने विद्यार्थियों को आय और खर्च का सही आकलन करना बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में जय गहलोत ने मारी बाजी



**पानीपत/कौशिक** : आईबी पीजी महाविद्यालय में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अंतर.विभागीय पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के सभी विद्यार्थियों के लिए किया गया। प्रतियोगिता का विषय कानूनी अधिकार व कर्तव्य रहा। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून अधिकारों व कर्तव्यों से परिचित कराना था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जय गहलोत बीकॉम ऑनर्स द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान मनीषा बीए तृतीय वर्ष एवं सौरभ बीसीए प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान आंचल देवी बीए अंग्रेजी ऑनर्स प्रथम वर्ष एवं ईशमीत कौर बीबीए द्वितीय वर्ष,सांत्वना पुरस्कार निशु शर्मा बीए तृतीय वर्ष, वृंदा बीबीए प्रथम वर्ष एवं नेंसी बीए प्रथम वर्ष रही।

दैनिक उत्तम हिन्दू स्थापना 1983

■ पंजाब ■ हरियाणा ■ हिमाचल ■ चंडीगढ़ ■ दिल्ली ■ उत्तर प्रदेश

## निबंध लेखन में आईबी कालेज के विद्यार्थियों मारी बाजी



विजेता विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य डा. अजय गर्ग व अन्य।

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

**पानीपत/कौशिक** : आईबी पीजी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हरियाणा स्टेट कार्उंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टैक्नोलॉजी एवं आर्य कालेज पानीपत द्वारा आयोजित जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें आईबी पीजी महाविद्यालय की नॉन.मेडिकल की तृतीय वर्ष की छात्रा तमन्ना और छात्रा रूबी का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने इस प्रतियोगिता में चयनित छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने में लाभदायक सिद्ध होती है। इस अवसर पर प्रो. सोनिया,प्रो.इरा गर्ग, डा. निधान सिंह, डा. विक्रम कुमार, प्रो. पवन, डा. अर्पणा गर्ग, प्रो. संगीता, प्रो.रीना, प्रो.अश्वनी आदि उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को रोगों के प्रति जागरूक किया

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में जीव-विज्ञान परिषद द्वारा आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में प्राध्यापकों के साथ लगभग 65 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ़ कॉलिजिस के जैव प्रौद्योगिकी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनिंदरजीत कौर ने सभी प्रतिभागियों को एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। डॉ. मनिंदरजीत कौर ने क्या एम-पॉक्स अगली महामारी हो सकता है विषय पर अत्यंत विस्तार से बातचीत की।

“Success is getting what you want; happiness is wanting what you get.”—W. P. Kinsella

# विद्यार्थियों को इंडस्ट्री की जरूरत के हिसाब से खुद को तैयार करना होगा : डॉ. गर्ग



*कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, अतिथिगण विद्यार्थी एवं प्राध्यापकगण।*

पानीपत, 28 सितम्बर (खर्ब) : आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इंटर्नशिप सैल एवं हनीवेल और आई.सी.टी. अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में चलने वाले इंटर्नशिप प्रोग्राम के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, उपप्राचार्या डॉ. शशी प्रभा, डॉ. सुनित शर्मा, डॉ. अर्पणा गर्ग, प्रो. अजय पाल सिंह और माधवी (संयोजिका, इंटर्नशिप सैल) और शिखा जुनेजा द्वारा आई.सी.टी. अकादमी से आए अभिनंदन पांडे (स्टेटहैड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एकैडमिक्स एंड गवर्नमैंट इनिशिएटिव), सलीक हयात (साइबर सिक्योरिटी कंसलटैंट ट्रेनर) और शुभम वर्मा, रिलेशनशिप मैनेजर एकेडमीक ऑपरेशन एंड कॉरपोरेट कम्युनिकेशन को तुलसी का पौधा और स्मृति चिन्ह भेंट करके किया गया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में सिर्फ किताबी ज्ञान काफी नहीं है। विद्यार्थियों को इंडस्ट्री की जरूरत के हिसाब से खुद को तैयार करना होगा। आईसीटी अकादमी से आए अभिनंदन पांडे (स्टेट हेड कॉरपोरेट कम्युनिकेशन एकेडमिक्स एंड गवर्नमैंट इनिशिएटिव) ने कहा कि सी.एस.आर. अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और समाज के प्रति संगठन के रूप को प्रदर्शित करने का एक शानदार तरीका है और यह ट्रेनिंग भी सी.एस.आर. इनिशिएटिव की का ही हिस्सा है जिसमें विद्यार्थियों को तकनीकी कौशल सिखाकर जॉब के लिए तैयार किया जाएगा।

सलिक हयात ने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए और कहा कि सतर्क रहना अति आवश्यक है। इंटर्नशिप सैल की संयोजिका माधवी ने कहा कि आई.सी.टी. अकादमी सार्वजनिक-निजी-भागीदारी (पी.पी.पी.) मॉडल के तहत अपनी तरह का पहला अग्रणी उद्यम है, जो छात्रों को प्रशिक्षित करने का प्रयास करता है। इस कार्यक्रम से 60 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रो. माधवी ने किया। सफल आयोजन में शिखा जुनेजा, निशा गुप्ता, नीतू भाटिया, आंचल ने भूमिका निभाई और नॉन टीचिंग से टिकु, पवन, संगीता, शालिनी का योगदान रहा।

# आईबी कालेज में कानूनी जागरूकता सम्मेलन



आईबी कालेज में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वक्ता। (मोहन लाल)

**सवेरा न्यूज/मोहन लाल, पानीपत :** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कानूनी जागरूकता विषय पर एक इंटरएक्टिव सेशन का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य वक्ता चीफ जुडिशल मजिस्ट्रेट सेक्रेटरी डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी पानीपत मीनू सिंह रही। कार्यक्रम महाविद्यालय के विभिन्न संकायों कला, वाणिज्य और विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता मीनू सिंह,चंद्रशेखर शर्मा, प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग, एलएन मिगलानी, रवि गोसाई, डॉ.शशि प्रभा और प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ.निधि द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य वक्ता मीनू सिंह का स्वागत तुलसी का पौधा देकर किया गया। प्राचार्य डॉ.अजय कुमार गर्ग ने कहा कि हमारे महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना है। मंच संचालन रेखा शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. किरण मदान, डॉ.पूनम मदान, डॉ.निधान सिंह, डॉ.अर्पणा गर्ग, सोनिया, माधवी, डॉ.पूनम गुप्ता, रितिका जताना, करुणा, रेखा शर्मा व सुखजिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

“Goal setting is the secret to a compelling future.” —Tony Robbins